**परेशानी** | पर्याप्त मात्रा में रसोई गैस की उपलब्धता होने के दावे के बावजूद एजेंसी के बाहर लग रही उपभोक्ताओं की कतार

# गैस सिलेंडर संकट के बीच आपदा में अवसर का खेल

**नवभारत, कटनी।** जिला प्रशासन के रसोई गैस की उपलब्धता के पर्याप्त दावों के बीच गैस एजेंसी के बाहर उपभोक्ताओं की कतार कम होने का नाम नहीं ले रही है। उपभोक्ताओं का कहना है कि गैस नहीं मिल रही है। जबकि जिला प्रशासन का कहना है कि गैस सिलेंडर की कोई कमी नहीं है। उपभोक्ता अफवाहों पर ध्यान नहीं दें। इस बीच कलेक्टर आशीष तिवारी की अध्यक्षता में गैस संचालकों के बीच बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में जिला आपूर्ति अधिकारी ने बताया कि जिले में गैस का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है, नागरिक किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान नहीं दें। कलेक्टर ने गैस संचालकों को निर्देशित किया कि गैस एजेंसियां ऑनलाइन बुकिंग के आधार पर ही सिलेंडरों की सप्लाई करें।



एजेंसी या गोदाम के बाहर भीड़ जमा करने के बजाय हितग्राहियों को उनके घर पर ही होम डिलीवरी की सुविधा दी जाए। डिलीवरी के समय उपभोक्ताओं से ओटीपी अनिवार्य रूप से लें। साथ ही, उन्होंने संचालकों को उपभोक्ताओं से निर्धारित मूल्य से अधिक राशि नहीं वसूलने की हिदायत दी। कलेक्टर ने स्पष्ट किया है कि सभी गैस उपभोक्ताओं के लिए ई-केवाईसी कराना अनिवार्य है। इसके साथ ही, एजेंसी संचालकों और उनके कर्मचारियों को हिदायत दी गई है कि वे उपभोक्ताओं के साथ सद्भावनापूर्ण व्यवहार करें। बैठक में यह भी तय किया गया कि गैस सिलेंडर की बुकिंग ग्रामीण क्षेत्रों में 45 दिन और शहरी क्षेत्रों में 25 दिन के अंतराल पर ही की जा सकेगी। कलेक्टर ने कहा कि कहीं भी एलपीजी का अवैध स्टॉक मिलता है, तो इसकी सूचना तत्काल प्रशासन को दी जाए। व्यवसायिक सिलेंडरों का उपयोग सिर्फ अस्पतालों और शैक्षणिक संस्थानों में ही किया जा सकेगा, अन्य निजी प्रतिष्ठानों को गैस सिलेंडर नहीं दी जाए। कलेक्टर ने खाद्य विभाग के अधिकारियों को एलपीजी सहित अन्य ईंधन के परिवहन, भंडारण और वितरण व्यवस्था पर कड़ी नजर रखने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने गैस एजेंसियों के प्रतिदिन के स्टाक जांच और गैस सिलेंडर वितरण कार्य की निगरानी करने अधिकारियों को निर्देशित किया है। अधिकारियों को सख्त हिदायत दी गई है कि वे सूचना तंत्र को पुख्ता और मजबूत कर अवैध जमाखोरी, कालाबाजारी पर कार्रवाई की जाए। कलेक्टर ने जिले में घरेलू गैस वितरण की ऑनलाइन व्यवस्था को और मजबूत करने कहा है।

साथ ही गैस एजेंसियों के संचालकों को निर्देशित किया गया है कि वे इससे जुड़ी कंपनियों को भी सर्वर की क्षमता बढ़ाने को कहें, ताकि रिफिल बुकिंग, ओटीपी जनरेशन और वितरण बिना असुविधा के किया जा सके। जिले में रसोई गैस वितरण की पारदर्शी व्यवस्था है, गैस सिलेंडर की 2 बुकिंग के बीच में 25 दिवस का अंतर होना चाहिए। यह अवधि पहले 21 दिन की थी, उसमें अब मात्र 4 दिन बढाकर 25 दिन की गई है। कलेक्टर ने आम जनता से कहा है कि रसोई गैस का पर्याप्त स्टाक है। अफवाहों ध्यान नहीं दें।



## वॉकथन से दिया गया सामाज को एकता का संदेश

**सिंधी पारिवारिक वॉकथन टू प्वाइंट जीरो का आयोजन**

**नवभारत, कटनी।** भगवान श्रीझूलेलाल के पावन जन्मोत्सव चेटीचंड्र महोत्सव के उपलक्ष्य में सिंधु नौजवान मंडल के तत्वाधान में रविवार को सिंधी पारिवारिक वॉकथन टू प्वाइंट जीरो का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ नई बस्ती स्थित सिंधु झूलेलाल मंगलम से हुआ। सिंधी पारिवारिक वॉकथन टू प्वाइंट जीरो में काफी संख्या में सिंधी समाज के महिलाएं, पुरूष, युवक-युवतियों सहित बच्चे शामिल हुए। इस अवसर पर एकता और स्वस्थ्य रहने का का संदेश दिया गया। महिलाओं ने सिंधु सनातन की प्रतीक केसरिया दुपट्टा और टोपी धारण कर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। कार्यक्रम के दौरान जयकारों और उल्लासपूर्ण माहौल के बीच समाज की एकता और भाईचारे का संदेश दिया गया। इस अवसर पर पंजीकृत प्रतिभागियों को प्राउड टू बी सिंधी कैप और आकर्षक उपहार दिए गए। सभी ने भगवान श्रीझूलेलाल का आशीर्वाद प्राप्त किया। सिंधु नौजवान मंडल के पदाधिकारियों ने कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग देने वाले सभी समाजबंधुओं, संस्थाओं और प्रतिभागियों के प्रति आभार व्यक्त किया। साथ ही समाज के सभी लोगों से कहा गया है कि वे चेटीचंड्र महोत्सव के अंतर्गत आयोजित होने वाले आगामी धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भी अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर कार्यक्रमों को सफल बनाएं।

### एक नजर में

## जिले के किसानों के खाते में आई किसान सम्मान निधि की राशि

**नवभारत, कटनी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने असम के गुवाहाटी से प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत जिले के 1 लाख 71 हजार 419 पंजीकृत किसानों को 22वीं किस्त के तौर पर 34 करोड़ 28 लाख 38 हजार रुपये की राशि का अंतरण किया। इस अवसर पर जिले में पीएम किसान उत्सव दिवस मनाया गया और कार्यक्रम का सीधा प्रसारण कलेक्ट्रेट परिसर सहित जिले की ग्राम पंचायतों में किया गया। कार्यक्रम में जिले की विभिन्न तहसीलों से आए किसानों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और योजना के तहत प्राप्त राशि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए प्रधानमंत्री के प्रति आभार व्यक्त किया। किसानों ने बताया कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के अंतर्गत मिलने वाली आर्थिक सहायता से बीज, खाद, कीटनाशक और अन्य कृषि कार्यों के लिए आवश्यक संसाधन जुटाने में मदद मिलती है, जिससे खेती की तैयारी समय पर हो पाती है और उत्पादन बढ़ाने में भी सहयोग मिलता है। यह योजना किसानों की आर्थिक स्थिति को सुदृढ़ बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। यह योजना छोटे और सीमांत किसानों के लिए विशेष रूप से लाभकारी है। प्रधानमंत्री द्वारा 22वीं किस्त के तौर पर जिले के बड़वारा विधानसभा क्षेत्र के 42 हजार 898, बहोरीबंद विधानसभा क्षेत्र के 63 हजार 461, मुडवारा विधानसभा क्षेत्र के 18 हजार 681, विजयराघवगढ़ विधानसभा क्षेत्र के 46 हजार 379 पंजीकृत किसानों को राशि वितरित की गई। जिला मुख्यालय स्थित कलेक्ट्रेट परिसर में कार्यक्रम का सीधा प्रसारण वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से किया गया, जिसमें विभिन्न तहसीलों से आए किसानों सहित अधिकारी-कर्मचारी और जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का प्रसारण जिले की सभी ग्राम पंचायतों में भी प्रोजेक्टर और बड़ी स्क्रीन के माध्यम से कराया गया। कार्यक्रम का सीधा प्रसारण देखने के लिए काफी संख्या में किसानों की उपस्थिति रही।

## लापरवाही पर दो सहायक राजस्व निरीक्षक निलंबित

**कर वसूली नहीं करने पर नगर निगम आयुक्त ने की कार्रवाई**

**नवभारत, कटनी।** नगर निगम के बकाया करों की वसूली के लिए आयोजित होने वाले विशेष वसूली शिविर के दौरान वसूली कार्य में लापरवाही और उदासीनता बरतने पर नगर निगम आयुक्त तपस्या परिहार ने दो सहायक राजस्व निरीक्षकों को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। जिन दो सहायक राजस्व निरीक्षकों पर निलंबन की कार्रवाई की गई है उनमें संतोष बिरहा और अजय निगम शामिल है। निलंबन अवधि में संतोष बिरहा और अजय निगम का मुख्यालय जोन क्रमांक एक बस स्टैंड ऑडिटोरियम निर्धारित किया गया है। निलंबन अवधि के



दौरान इन्हें नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ते की पात्रता होगी। गौरतलब है कि शासन द्वारा आयोजित विशेष वसूली शिविर की शासन स्तर से मॉनिटरिंग किए जाने पर दोनो राजस्व कर्मचारियों द्वारा अपने-अपने वार्डो में एक भी रसीद जारी नहीं की गई जिसके संबंध में राजस्व कर्मियों को समीक्षा बैठक के दौरान लगातार चेतावनी दिए जाने के बाद भी वसूली कार्य में लापरवाही बरती गई। जिस पर दोनों सहायक राजस्व निरीक्षकों को चेतावनी पत्र जारी किया गया। चेतावनी पत्र के बाद भी संबंधित सहायक राजस्व निरीक्षकों द्वारा वसूली कार्य में प्रगति नहीं लाई गई। कर वसूली के कार्य में लगातार लापरवाही बरतने पर नगर निगम आयुक्त द्वारा दोनों सहायक राजस्व निरीक्षकों को निलंबित कर दिया गया है। गौरतलब है कि कर वसूली का लक्ष्य पूरा करने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। नगर निगम की राजस्व टीम घर-घर दस्तक देकर कर वसूली का कार्य कर रही है, शहर के कई स्थानों में राजस्व वसूली शिविर भी लगाए जा रहे हैं।

अवकाश के दिनों में कर जमा काउंटर खोले जा रहे हैं। नगर निगम आयुक्त द्वारा कर वसूली कार्य की समीक्षा कर रही हैं।

## छात्रों को सिखाई गई देशी गाय के गोबर से जैविक खाद बनाने की विधि

**छात्रों को खाद-बीज का दिया गया तकनीकी प्रशिक्षण**

**नवभारत, कटनी।** प्रधानमंत्री कॉलेज आफ एक्सीलेंस शासकीय तिलक स्नातकोत्तर महाविद्यालय में इंटर्नशिप कर रही छात्राओं को जैविक कृषि विशेषज्ञ रामसुख दुबे द्वारा जैविक खेती का प्रशिक्षण दिया गया। भू नाडेप द्वारा कंपोस्ट निर्माण के अंतर्गत प्रशिक्षण में बताया गया कि यह जमीन के ऊपर तैयार किया जाने वाली संरचना है। इसमें ग्राम में कचरा, गोबर सामग्री को व्यवस्थित कर 4 से 5 फीट ऊंचाई का एक आयताकार ढेर बना दिया जाता है। खाद बनाने के लिए कचरे को गीला करना आवश्यक है। इस ढेर को चारों तरफ से गीली



मिट्टी से छपाई कर बंद कर दिया जाता है। बंद करने के दो से तीन दिन बाद जब मिट्टी कड़ी हो जाए तब गोल या आयताकार 7 से 8 इंच गहरी और नौ नौ इंच के अंतर पर छिद्र बना दिए जाते हैं, जिससे वायु संचार बना रहता है। आवश्यकतानुसार पानी डालते रहते हैं। यह कंपोस्ट खाद 90 से 120 दिन में पककर तैयार हो जाती है। अच्छी तरह पक्की हुई भुरभुरी भूरे रंग की दुर्गंध रहित होती है। इस खाद में सभी पोषक तत्व पाए जाते हैं और तीन वर्ष तक खाद का असर खेत में बना रहता है, जिससे बाजार पर निर्भरता कम होती है तथा खेती की लागत में कमी आती है। प्रशिक्षण में फसलों में उगरा, जड़ सड़न, पौध गलन, कंडवा आदि रोगों के नियंत्रण के लिए जैविक बीज उपचार बीजामृत बनाने के लिए देसी गाय का गोबर 5 किलोग्राम, गोमूत्र 5 लीटर, बुझा हुआ चूना ढाई सौ ग्राम, पानी 20 लीटर वस्तुओं को ड्रम में घोलकर 24 घंटे के लिए रख देते हैं। दिन में दो बार लकड़ी से हिलाया जाता है अब इस घोल को बीजों के ऊपर डालकर बीज की सिंचाई करें।

## सार्वजनिक स्थानों में गंदगी फैलाने पर काटा चालान, वसूला जुर्माना

**नगर निगम की टीम ने भ्रमण कर की कार्रवाई**

**नवभारत, कटनी।** शहर में स्वच्छता व्यवस्था को प्रभावी बनाए रखने के उद्देश्य से नगर निगम द्वारा नियमित सफाई कार्यों के साथ-साथ स्वच्छता नियमों के उल्लंघन पर सख्ती भी बरती जा रही है। शहर के विभिन्न वार्डों एवं बाजार क्षेत्रों में विशेष अभियान चलाकर गंदगी फैलाने वालों पर मौके पर ही जुर्माना कार्रवाई की गई। स्वास्थ्य अधिकारी संजय सोनी ने बताया कि अभियान के दौरान जोन क्रमांक 5 एवं 6 के



अंतर्गत आने वाले विश्राम बाबा वार्ड, जगमोहन दास वार्ड, रघुनाथ गंज वार्ड, ईश्वरीपुरा वार्ड, मीट मार्केट सहित अन्य स्थानों पर स्वच्छता नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर संबंधित व्यक्तियों के खिलाफ 63 सौ रूपए का जुर्माना लगाया गया है। उन्होंने बताया कि कई स्थानों पर दुकानों और सार्वजनिक स्थलों के आसपास कचरा फैलाने, डस्टबिन की व्यवस्था नहीं होने की स्थिति पाई गई, जिस पर नगर निगम टीम द्वारा मौके पर ही कार्रवाई की गई। साथ ही संबंधित नागरिकों और व्यापारियों को अपने घरों और प्रतिष्ठानों में डस्टबिन रखने, कचरे का निर्धारित स्थान पर ही निस्तारण करने की समझाइश दी गई। नगर निगम के अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि शहर की स्वच्छता व्यवस्था को बनाए रखना सामूहिक जिम्मेदारी है। स्वच्छ सर्वेक्षण में शहर को बेहतर स्थान दिलाने और ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियमों के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए स्वास्थ्य विभाग की टीम को नियमित रूप से ऐसे अभियान संचालित करने के निर्देश दिए गए हैं। नगर निगम ने शहरवासियों से कहा है कि वे सार्वजनिक स्थलों पर कचरा नहीं फैलाएं।

## स्वच्छता मानकों को पूरा करने विशेष सफाई अभियान

**शहर और उपनगरीय क्षेत्रों में कराई गई साफ-सफाई**

**नवभारत, कटनी।** शहर की स्वच्छता व्यवस्था को स्वच्छ सर्वेक्षण के निर्धारित मानकों के अनुरूप बनाए रखने के उद्देश्य से नगर निगम के अधिकारियों द्वारा नियमित रूप से वार्ड स्तर पर की सफाई व्यवस्था की मानिटरिंग की जा रही हैं।

मानिटरिंग के दौरान सफाई व्यवस्था में कमियां पाए जाने पर दुरूस्तीकरण कराते हुए व्यवस्थाओं को बेहतर रखने के प्रयास लगातार जारी है। प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी संजय सोनी ने बताया कि दैनिक सफाई व्यवस्था के दौरान नगर के मुख्य मार्गों, सार्वजनिक स्थलों, बाजार क्षेत्रों और आवासीय बस्तियों में साफ-सफाई की व्यवस्था का विशेष रूप से परीक्षण किया गया। अधिकारियों ने निर्देश दिए हैं कि



कचरे का समय पर संग्रहण और परिवहन किया जाए। कहीं भी गंदगी या कचरे का जमाव नहीं हो। बरगवां मुख्य मार्ग, मिशन चौक से कोतवाली तिराहा होते हुए स्टेशन रोड़ मुख्य मार्ग, सिटी कोतवाली, सेल्फी प्वाइंट, अहमद नगर, चौहान बस्ती, बस स्टैंड, अल्फर्ट गंज, विश्वकर्मा पार्क, गणेश चौक, आदर्श कॉलोनी ईदगाह, गोयंका गली, संजय नगर, नई बस्ती, नदीपार मुख्य मार्ग, माधवनगर के विभिन्न मार्गो, भीमराव चौक, जगन्नाथ चौक, घंटाघर मार्ग, खिरहनी फाटक ओवर ब्रिज के नीचे, कचहरी चौराहा, झंडा बाजार, गोल बाजार सहित नगरीय और उपनगरीय क्षेत्रों के अन्य मार्गो में विशेष सफाई अभियान चलाया जाकर कचरे के संग्रहण का कार्य किया गया। सफाई व्यवस्था को प्रभावी बनाए रखने के लिए नगर निगम द्वारा सफाई कार्यों के साथ-साथ जन जागरूकता गतिविधियां भी आयोजित की जा रही हैं।

पंडित दीन दयाल उपाध्याय वार्ड में नोडल अधिकारी और आईसी टीम द्वारा क्षेत्रीय पार्षद की मौजूदगी में वार्डवासियों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया।

## रेल ट्रैक के पास घायल अवस्था में मिला अज्ञात यात्री

**ट्रेन से गिरकर घायल होने की आशंका, इलाज जारी**

**नवभारत, कटनी।** बीना कटनी रेलखंड पर स्थित पटोरा रेलवे स्टेशन के पास रविवार दोपहर एक एक प्रौढ़ गंभीर हालत में मिला है। रेलवे लाइन के किनारे पड़े अज्ञात घायल को रेलवे कर्मचारियों और पुलिस के सहयोग से रीठी के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जानकारी के अनुसार रविवार दोपहर करीब 12 बजे पटोरा रेलवे स्टेशन पर ड्यूटी पर तैनात रेलवे



कर्मचारियों ने घायल को देखा। अज्ञात घायल की हालत काफी गंभीर होने पर कर्मचारियों ने तत्काल इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलने पर पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची। जिसके बाद घायल प्रौढ़ को 108 एंबुलेंस की सहायता से रीठी के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया। रीठी अस्पताल में घायल का इलाज किया जा रहा है। अज्ञात घायल की पहचान फिलहाल नहीं हो पाई है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

## कटनी, रीठी में संकल्प से समाधान शिविर आज

**नवभारत, कटनी।** संकल्प से समाधान अभियान के तहत सोमवार 16 मार्च को कटनी, ढीमरखेड़ा और रीठी में शिविर का आयोजन किया गया है। इन शिविरों में प्राप्त आवेदनों का निराकरण कर पात्रों को शासकीय योजना और कार्यक्रमों में लाभान्वित कराया जाएगा। जारी शिविर कार्यक्रम के अनुसार कटनी के वार्ड नंबर 38 डॉ जाकिर हुसैन वार्ड, वार्ड नंबर 39 बाबा नारायण शाह वार्ड, वार्ड नंबर 40 हेमूकलाणी वार्ड, वार्ड नंबर 41 आचार्य कृपलानी वार्ड सहित अन्य वार्डों में शिविर लगाए जाएंगे।

Akarsh Lube
AN ISO 9001 : 2015 CERTIFIED
मध्यप्रदेश का पहला भारतीय मानक संस्था द्वारा मान्यता प्राप्त।
AUS-32
Diesel Exhaust Fluid (DEF)
मानकः पथप्रदर्शकः
Katni
VOCAL FOR LOCAL
MAKE IN INDIA
IS 17042 PART-1 :2020
CM/L No: 8200198812
For detail of BIS Certification Please visit www.bis.gov.in
Now BIS Certified
For Diesel Engines Nox Reduction Agent AUS 32 Part-1, Quality Requirement
Akarsh Cool Industry
Plot No.-7 Industrial Area, Amkuhi, Katni-483501, M.P.
किसी भी गाड़ी में यूरीया (DEF) हेतु संपर्क करें
Plot No.-7 Industrial Area, Amkuhi, Katni-483501, M.P.
www.akarshlubes.com | akarshcoolindustry@gmail.com | Mob.- 6261156224, 8720048833

**प्रशिक्षण** | ग्राम विकास प्रस्फुटन समितियों की क्षमता संवर्धन के लिए आयोजित किया गया प्रशिक्षण

## ग्राम पंचायत में बेसलाइन सर्वे कर खोजें समस्याएं, आपसी सहयोग से करें निराकरण

**नवभारत, कटनी।** नवांकुर योजनांर्तगत नवांकुर संस्था-बड़खेरा जनचेतना समाज सेवी समिति, सेक्टर बचैया तीन के अंतर्गत गठित प्रस्फुटन समितियो की क्षमता संवर्धन प्रशिक्षण का आयोजन ग्राम पंचायत सभागार किरहाई पिपरिया में किया गया। प्रशिक्षण की शुरूआत विद्या की देवी मां सरस्वती के पूजन-अर्चन से की गई। जिसके बाद अतिथियों का तिलक वंदन से स्वागत किया गया। सेक्टर प्रभारी सरजू प्रसाद श्रीवास द्वारा अतिथियों परिचय कराया गया। प्रशिक्षण के उद्देश्य और विषय वस्तु पर प्रकाश डालते हुए समितियों की त्रैमासिक कार्यो की समीक्षा की गई। इसके बाद विकासखंड समन्वयक अरविंद



शाह के द्वारा मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद की अवधारणा पर आधारित प्रेरणा दायक प्रसंगो के माध्यम से अवधारणा को प्रस्तुत किया गया। प्रेरणास्त्रोत अवधेश बैरागी ने समग्र ग्रामविकास की अवधारणा और विभिन्न चरणों पर बात रखते हुए अपनी ग्राम पंचायत में बेसलाइन सर्वे करके ग्राम की छोटी-छोटी आवश्यकताओ और समस्याओं को खोजकर आपसी सहयोग से हल करने के लिए प्रेरित किया। जबकि स्वैच्छिक संगठनो का गठन और प्रबंधन पर नवांकुर संस्था सचिव सरजू प्रसाद श्रीवास के द्वारा संस्था का रजिस्ट्रेशन व धारा 27-28 की जानकारी, चालान पर विस्तार से प्रकाश डाला गया। वहीं परामर्श दाता रामसिंह पटैल द्वारा समितियों के दस्तावेजीकरण पर गंभीरतापूर्वक प्रकाश डाला गया और ब्लॉक समन्वयक अरविंद शाह द्वारा प्रोजेक्टर के माध्यम से आदर्श ग्राम हिबडे बाजार के विकास को फिल्म के माध्यम से दिखाया गया। सभी प्रतिभागियों को जनप्रतिनिधियों और अतिथियो के द्वारा प्रमाण पत्र दिए गए। सेक्टर प्रभारी सरजू श्रीवास द्वारा अतिथियों की उपस्थिति रही। प्रशिक्षण सत्र में सुनीत मिश्रा, कंधी लाल नायक, सुनीता विश्वकर्मा, प्रमोद कुमार सोनी, मेंटर अवधेश बैरागी, रामसिंह पटेल, दुर्गेश यादव, प्रस्फुटन समिति किरहाई पिपरिया से रामस्नेह रैदास, शरद कुशवाहा, केशव रैदास उम्मेद रैदास, पिपरिया पोड़ी से मुकेश रैदास, राजकुमारी रैदास, सजनी रैदास, विनोद यादव, यथार्थ बैरागी, बद्री हल्दकार, रामभरोस बर्मन, महेंद्र चौधरी, सनी कोल, रामलाल कोल की उपस्थिति रही।

KAMAKHYA REAL ESTATE
हम है आपकी हर जरूरत के लिए भरोसेमंद साथी...
आवासीय मकान और प्लाट, वाणिज्यि (कमर्शियल) संपत्तियां, औद्योगिक (इंडस्ट्रियल)
प्लॉट अब संपत्ति की खरीद-फरोख्त करें
पूरी पारदर्शिता और आसानी के साथ चाहे
आपको चाहिए एक सुकून भरा घर रिहायशी प्लॉट
व्यवसाय के लिए दुकान
आपकी फैक्ट्री के लिए उपयुक्त जमीन
पूरे भारत में प्रॉपटी खरीदने के लिए संपर्क करें
AMIT GAUTAM +91 86430-19577, +91 96911-21453
E-mail: kamakhyarealstate@gmail.com

धर्मलोक हॉस्पिटल
A unit of Dharmlok Hospital Pvt. Ltd.
AN ISO 9001 : 2015 CERTIFIED
डॉ. राजेश बत्रा
एम.एस., एफ.एम.ए.एस., एफ.आई.ए.जी.ई.एस., एफ.ए.आई.एस.
जनरल और लैप्रोस्कोपिक सर्जन
दूरबीन से पित्त की पथरी की सर्जरी, दूरबीन से अपेंडिक्स सर्जरी, दूरबीन से ओपन पेट की सर्जरी, उन्नत तकनीक (स्टेपलर/लेटर) के फिस्टुला सर्जरी, स्तन सर्जरी, किडनी/ प्रोस्टेट/मूत्रालशय सर्जरी, मधुमेह पैर की देखभाल/सर्जरी, तीव्र और जीर्ण घाव प्रबंधन।
सामान्य एवं सिजेरियन डिलीवरी, अंडेदानी की गठान, उच्च जोखिम वाली गर्भावस्था, नि:संतानता, बच्चेदानी निकालना, सफेद पानी का इलाज, गर्भवती महिलाओं की सोनोग्राफी, बार-बार गर्भपात होना, पॉलिसिस्टिक ओवेरियन डिजीज/सिंड्रोम।
डॉ. हर्षा बत्रा
एमडी (ओबीजी) सोनोग्राफी डिप्लोमा
स्त्री, प्रसूति एवं बांझपन विशेषज्ञ
आयुष्मान कार्डधारी मरीजों का एवं हेल्थ इंश्योरेंस कार्ड धारी मरीजों का नि:शुल्क इलाज किया जाता है।
ओपीडी सुबह 11:00 बजे से सायं 5:00 बजे तक
पता-आदर्श कालोनी रोड, कटनी (म.प्र.)
Ph. 07622-422390, 796084 Help line 24x7: 8305402024